प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

## मंत्रिमंडल

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में कल शिमला में आयोजित मंत्रिमंडल बैठक में राज्य में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए रसायनमुक्त उत्पादन और उत्पाद के प्रमाणीकरण के लिए क्लस्टर आधारित दृष्टिकोण अपनाते हुए हिम उन्नति योजना लागू करने का निर्णय लिया गया। इस योजना के अंतर्गत लगभग 50 हजार किसानों को शामिल करने के लिए 2 हजार 600 कृषि समूहों को स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में कांगड़ा जिला में टांडा मैडिकल कॉलेज में विभिन्न श्रेणियों के 4 सौ 62 पद जबकि आईजीएमसी शिमला और अटल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सुपर स्पेशियलिटीज चमियाना में 4 सौ 89 पदों को सृजित कर भरने का निर्णय लिया है। इसके अलावा विभिन्न विभागों में विभिन्न श्रेणियों के पदों को भरने की भी मजूरी दी गई। मंत्रिमण्डल ने पशु पालन विभाग में ग्राम पंचायत पशु चिकित्सा सहायकों के मुद्दों के समाधान और सिफारिशें प्रस्तुत करने के लिए कृषि मंत्री चन्द्र कुमार की अध्यक्षता में एक उप–समिति का गठन करने का निर्णय लिया। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान इस उप–समिति के सदस्य होंगे। बैठक में वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट नियम–2024 की अधिसूचना को भी मंजूरी दी गई।

## हर घर तिरंगा

देश में हर घर तिरंगा अभियान आज से 15 अगस्त तक चलाया जायेगा। संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने लोगों से अनुरोध किया कि अपने अपने घरों पर तिरंगा फहरायें और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करें। इस दौरान देशभर में दो सौ से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्हों्ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में वर्ष 2022 में शुरू किया गया था और पिछले वर्ष दस करोड़ से अधिक लोगों ने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर उसे अपलोड किया।

स्टडी लीव

राज्य सरकार ने अधिकारियों–कर्मचारियों की कमी को पूरा करने के लिए अध्ययन अवकाश के नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। वित्त विभाग की ओर से इस बारे जारी अधिसूचना के अनुसार अब अध्ययन अवकाश पर जाने वाले अधिकारी व कर्मचारी (प्रथम श्रेणी से लेकर चतुर्थ श्रेणी तक) का 60 फीसदी वेतन कटेगा। यानी उनको 40 फीसदी वेतन ही मिलेगा।

वित्त प्रधान सचिव देवेश कुमार ने बताया कि अध्ययन अवकाश पहले की तरह 2 वर्ष के लिए स्वीकृत होगा, लेकिन इसको प्रशासनिक सचिव अपने स्तर पर स्वीकृत नहीं कर पाएंगे। इससे संबंधित मामला पहले वित्त विभाग को भेजना होगा। वित्त विभाग यदि इसे सही पाता है, तो इसकी स्वीकृति मिल जाएगी।

तालाशी अभियान

प्रदेश के कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों में 31 जुलाई को बादल फटने की घटनाओं में लापता लोगों की तलाश के लिए सर्च अभियान लगातार जारी है। इन घटनाओं में लापता लोगों में से अब तक कुल 22 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं।

मौसम

मॉनसून के सक्रिय होने से राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में वर्षा का क्रम जारी रहने की संभावना जताई है। विभाग ने कुछ स्थानों पर गरज के साथ भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की है। प्रशासन ने मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए नदी–नालों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से लोगों को दूर रहने की सलाह दी है। इस बीच मंडी जिला प्रशासन ने भारी बारिश को देखते हुए जिले में होने वाले अंडर 14 जोनल टूर्नामेंट को स्थगित कर दिया है। भारी बारिश के कारण मंडी में 9 मील के पास बार बार हो रहे भूस्खलन से मार्ग बंद हो रहा है और चंडीगढ़–मनाली एनएच पर खोतीनाला के पास ट्रक पलटने से मार्ग बंद है।

कुल्लू में आनी उपमंडल के तहत सभी शिक्षण संस्थान आज बंद रहेंगे। एसडीएम आनी नरेश वर्मा ने बताया कि बीती रात हुई भारी बारिश के कारण उपमंडल में विभिन्न स्थानों पर सड़क मार्ग अवरुद्ध होने के कारण यह फैसला लिया गया है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से———————

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने मंत्रिमंडल में लिए गए फैसलों से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है–गांवों में भी आएंगे पानी के बिल, बसों में पुलिस कर्मियों की मुफ्त यात्रा बंद। दैनिक भास्कर के शब्द है–हिमाचल में 9 सौ 94 पदों को भरने की मंजूरी। दिव्य हिमाचल के अनुसार–अब न पानी मुफ्त, न ही पुलिस की बस यात्रा। पंजाब केसरी लिखता है–ग्रामीण क्षेत्रों में साधन संपन्न लोगों को नहीं मिलेगा निशुल्क पानी।

हिमाचल दस्तक की खबर है–ग्रामीण क्षेत्रों में लगेंगे पेयजल मीटर, कनैक्शन के साथ लगेगा सौ रूपए चार्ज। आपका फैसला की सुर्खी है–नौकरियों का पिटारा खुला, भरे जाएंगे एक हजार पद। दैनिक सवेरा टाईम्स के शब्द है–राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से होगी पुलिस कॉस्टेबलों की भर्ती। दैनिक जागरण का शीर्षक है–आर्थिक संकट से बचने के लिए और सख्त हुई हिमाचल सरकार।

मौसम से जुड़ी खबर पर दैनिक भास्कर लिखता है–मंडी में लैंडस्लाइड से बंद हाईवे 7 घंटे बाद खुला, आज और कल बारिश का अलर्ट। आपका फैसला के मुताबिक– अलर्ट के बीच हिमाचल के कई क्षेत्रों में बारिश का दौर जारी। इसी पत्र ने उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के हवाले से लिखा है–हिमकेयर योजना बंद करने की कोई मंशा नहीं।

हिमाचली सांसदों के सम्मान में दिल्ली में विशाल समारोह आयोजित–दैनिक सवेरा टाईम्स की एक खबर है।